तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि


रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 पंचायत सचिवों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए गाया भजन



12 सेल का उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका ...



# निजी स्कूल फीस में वृद्धि कर सकते हैं, लेकिन यह शासन द्वारा अनुमोदित सीमा के भीतर ही हो

## निजी स्कूल संचालकों और नोडल अधिकारियों की बैठक में डीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की फीस विनियमन और अन्य शैक्षणिक मुद्दों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक समाधान महाविद्यालय में रखी गई।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के 150 से अधिक निजी स्कूल संचालकों, प्राचार्यों और नोडल अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोसले, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, भूपेन्द्र पांडेय बाबू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि राज्य शासन के नियमानुसार निजी स्कूल संचालक अपनी फीस में वृद्धि कर सकते हैं, लेकिन यह वृद्धि शासन द्वारा अनुमोदित सीमा के भीतर ही होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त शुल्क वसूलने या अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव डालने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, शिक्षा का अधिकार के तहत सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने, पाठ्य पुस्तकें, गणवेश और स्कॉलरशिप का लाभ समय पर देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी विद्यार्थी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। जिले की शैक्षणिक प्रगति ▶▶| शेष पेज 13 पर



### ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से संगठन जिले में सक्रिय है और 70 से अधिक स्कूल इसके सदस्य हैं। कोविड काल में संगठन ने अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का निर्णय लिया था, जो एक सराहनीय कदम था। इसके अलावा, प्रतिवर्ष टॉपर्स और शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इस साल से टीचर ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू करने की योजना भी बनाई गई है, जिसमें ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला नोडल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

संगठन की संरक्षक डॉ अलका तिवारी ने सभी संचालकों से शासन के नियमों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्कूलों की गरिमा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई इस बैठक में 180 से अधिक लोग शामिल हुए, जिसमें संगठन के सचिव रामकुमार भारती, कोषाध्यक्ष वसीम खान, उपाध्यक्ष राजेशधार दीवान सहित कई प्रमुख संचालक ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### मनोज कुमार वर्मा को सीएसी के पद से हटाया

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने एक आदेश निकाल कर संकुल केंद्र बोरतरा विकास खंड साजा के संकुल समन्वयक मनोज कुमार वर्मा को उनके दायित्वों से हटा दिया गया है। कलेक्टर द्वारा 9 अप्रैल को ली गई बैठक के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने संकुल समन्वयक बोरतरा विकासखंड साजा मनोज कुमार वर्मा को उनके संकुल समन्वयक के दायित्व से मुक्त कर उन्हें उनकी मूल संस्था शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेलतरा विकासखंड साजा में शिक्षक के पद पर, उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

### सुशासन तिहार के पहले दिन जिले में मिले 6034 आवेदन



**बेमेतरा।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत रायपुर आवेदन लेना बीते 8 अप्रैल से लेना शुरू हो गया है। यह अभियान 11 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याएं,माँग और शिकायतें आवेदन एकत्र किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, हाट-बाजारों एवं कॉमन सर्विस सेंटरों में संचालित की जा रही है। प्रत्येक स्थल पर समाधान पेटियाँ लगाई गई हैं। इसके अलावा पोर्टलके माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।मिली जानकारी अनुसार पहले दिन 8 अप्रैल को जिले में विभिन्न समस्याओं, माँगों और शिकायत संबंधी 6034 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे बेमेतरा से 676, बेरला में 2649, नवागढ़ में 1412 लोगों और साजा विकासखंड में 1206 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजा जाएगा ।

## कार्रवाई : भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू होने के बाद जिले में दर्ज हुआ था पहला प्रकरण

# नए आपराधिक कानून के तहत जिले के पहले गंभीर अपराध के दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू होने के बाद बेमेतरा जिले में दर्ज पहले गंभीर आपराधिक प्रकरण में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा की कुशल और तकनीकी रूप से सशक्त विवेचना के चलते आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह मामला न केवल न्यायिक प्रक्रिया में एक मिसाल बना, बल्कि जाँच अधिकारी के रूप में मयंक मिश्रा की दक्षता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।



दरअसल 16 जुलाई 2024 को बेरला निवासी चेतन यादव ने अपने चाचा दिनेश यादव उर्फ दिनु की बेरहमी से हत्या की रिपोर्ट थाना बेरला में दर्ज कराई। आरोपी ओमप्रकाश मंडावी उर्फ रज्जू ने पुराने लेन-देन को लेकर विवाद में देशी शराब दुकान के पास ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था।

थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने नवीन आपराधिक कानून के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक कार्रवाई की वीडियोग्राफी करते हुए न केवल फॉरेंसिक व तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए, बल्कि परिस्थितिजन्य प्रमाणों को भी सटीक तरीके से अभियोग पत्र में समाहित किया। उनकी तेज़ और निष्पक्ष विवेचना के चलते प्रकरण मात्र कुछ महीनों में न्यायालय में मजबूत स्थिति में पहुँचा।

### खास बातें

- 16 जुलाई 2024 को बेरला निवासी चेतन ने अपने चाचा दिनेश की कर दी थी हत्या
- जिले के बेरला थाने में दर्ज किया गया था मामला
- उप निरीक्षक मयंक मिश्रा की सटीक विवेचना से आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास
- तकनीकी साक्ष्य, वीडियोग्राफी और तेज़ कार्यवाही ने दिलाया न्याय



### जब चशमदीद बने पक्षद्रोही, तब तकनीक बनी सहारा

प्रकरण की सुनवाई के दौरान चश्मदीद गवाहों के मुकर जाने के बाद भी मयंक मिश्रा द्वारा की गई विवेचना में संकलित वीडियोग्राफिक साक्ष्य इतने प्रभावी रहे कि आरोपी को संदेह का लाभ नहीं मिल सका। जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र शास्त्री ने आरोपी ओमप्रकाश मंडावी को सश्रम आजीवन कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। उप निरीक्षक मयंक मिश्रा की यह विवेचना न केवल उनके अनुभव और विशेषज्ञता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि तकनीक और कर्तव्यनिष्ठा के समन्वय से न्याय को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने पूर्व में भी कई गंभीर मामलों में आरोपियों को सज़ा दिलाई है।

# जिले के 3 राजनीतिक प्रकरण वापस लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए।

- मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर लिया गया फैसला

बेमेतरा जिले के 3 प्रकरण को वापस लिया गया। 20 जुलाई 2029 को भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा, कोमल, हरीश देवांगन और रोमन पांडेय द्वारा शासकीय शराब दुकान में काला झंडा लेकर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दुकान अवैध रूप से संचालित हो रही है। इसके बाद आरोपीगण ने शराब दुकान का दरवाजा बंद कर ताला लगा दिया एवं काउंटर को भी बंद कर दिया। साथ ही दुकान में कार्यरत सेल्समेन एवं अन्य कर्मचारियों को भीतर बंद कर बंधक बना लिया, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई।इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक216/19 पंजीबद्ध किया गया था जिसे न्यायालय द्वारा 13 दिसंबर 2024 को प्रकरण वापसी की स्वीकृति दी गयी।


वहीं, 27 दिसम्बर 2021 को ग्राम सरदा के हाई स्कूल प्रांगण में स्पंज आयरन कंपनी द्वारा ग्राम सरदा क्षेत्र में कंपनी स्थापित करने के संबंध में जनसुनवाई मंच का आयोजन किया गया। राहुल टिकरिहा एवं उनके साथियों ने उपस्थित व्यक्तियों में से कुछ को यह कहते हुए मंच तक जाने से रोका कि वे कंपनी के समर्थन में आए हैं। जिसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 493/21 पंजीबद्ध किया गया था जिसे न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2024 को वापस लिया गया। वहीं, 22 फरवरी, 2020 को आयूस शर्मा, बबलू साहू एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा के कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे लोहे के गेट को तोड़कर शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई। इसके ▶▶| शेष पेज 13 पर

# लू से बचने जितना हो सके पर्याप्त पानी पिएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु वर्ष 2025 में मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी एवं आम नागरिकों को जागरुक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। विभाग के अनुसार जितना हो सके पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर से संभवित रोग वाले जो तरल प्रतिबंदित आहार लेते हो, तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें।

हल्के, हल्के रंग के, पीले सूती कपड़े पहनें, ओआरएस घोल, घर का बना पेय लस्सी, तोरानी चावल का पानी, नींबू का पानी, छाछ, आदि का उपयोग करें। बाहर जाने से बचें। यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो अपने सिर और चेहरे को कवर करें। जहां तक संभव हो किसी भी सतह को छूने से बचें। जितना हो सके घर के अंदर रहे। अपने घर को ठंडा रखें धूप से बचाव के लिए रात में पर्दे, शटर का उपयोग करें और खिड़कियां खोलें। निबली मंजिलों पर बने रहने का प्रयास करें। पंखो का उपयोग करें, कपड़ों को नम करें और अधिक गर्मी में ठंडे पानी में ही स्नान करें। यदि आप बीमार महसूस करते हैं उच्च बुखार/लगातार सिरदर्द/चक्कर आना/मतली या भटकाव/लगातार खांसी/सांस की तकलीफ है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाये। जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।



- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की एडवायजरी

### क्या न करें

गर्मी के दौरान बाहर न जाएं। यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है, तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान बाहर जाने से बचें विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच। नंगे पैर या बिना चेहरे को ढके और बिना सिर ढककर बाहर न जाएं। व्यस्थतम समय दोपहर में खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्रों में दरवाजे और खिड़कियां खोल कर रखें, जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय, पीने से बचें जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खाने से बचें, बासी खाना न खाएं। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं घर पर रहें।

# आवेदनों का निराकरण पूरी गुणवत्ता के साथ करें : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सुशासन तिहार 2025 की प्रभावी तैयारी को लेकर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने विकासखंड साजा मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत सभा कक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। इससे पूर्व कलेक्टर ने बेरला विश्रामगृह में भी अधिकारियों से समन्वय बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- सुशासन तिहार 2025 को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक
- कार्य में उदासीनता, लापरवाही और कोताही बरतने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जा रहे हैं। इसके पश्चात एक माह के अंदर सभी समस्याओं के आवेदन निराकरण पूरी गुणवत्ता के साथ करें। आगामी 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाए जाएँगे । समाधान शिविर में मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री,मंत्री सहित मुख्य सचिव, सचिव भी औचक निरीक्षण करेंगे । आप सभी लोग शासन की मंशानुरूप पूरी गंभीरता से काम करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्य में उदासीनता,लापरवाही और कोताही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी सीमांकन, विवादित-नामांतरण, अविवादित बंटवारा, भू-अर्जन के प्रगति, भुगतान किए गए राशि, पुनर्विचार के प्रकरण, के लम्बित आवेदन का निराकरण करें। खाद्य अधिकारी भी देखें कि जिन हितग्राहियों के राशन कार्ड नहीं बने है , उनके राशन कार्ड बन जाए । हितग्राहियों को राशन समय पर और सही मिले सुनिश्चित करें । शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानें समय पर खुले और राशन भी हितग्राहियों को मिले,दुकानों में साफ़-सफ़ाई हो।

कलेक्टर ने कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसानों को खाद-बीज मिले, पशुओं का टीकाकरण हो, पीएम किसान सम्मान निधि मिले यह देखे । कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को कहा कि आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता और सहायक समय पर आएं। बच्चों को गर्म पौष्टिक भोजन मिले, महतारी वंदन की राशि मिले ।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी भी ध्यान दे कि चिकत्सक और स्वास्थ्य अमला समय पर आए । वैक्सीनेशन समय पर हो । उन्होंने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी समस्या ,माँग या शिकायतें हहोती है । जिनमें बिजली,पानी, सीमांकन बटांकन, आय, जाती, निवास प्रमाण पत्र आदि की अधिकतर होती है । उनका निराकरण सही तरीके से और समय पर करें । स्कूल में शिक्षक समय पर आए और क्लास में पढ़ाएं।

**5 से 31 मई तक सभी नगरीय निकायों में भी लगाए जाएंगे समाधान शिविर :** कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा आगामी 5 मई से 31 मई तक क्लस्टर बनाकर 10 ग्राम पंचायतों में एक -एक और सभी ▶▶| शेष पेज 13 पर

## अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी बेमेतरा ने दिए कड़े निर्देश

# फरियादी की बात धैर्यपूर्वक सुनकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसएसपी ने साफ शब्दों में कहा कि आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक फरियादी की बात को धैर्यपूर्वक सुनकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायतें और चालानों का शीघ्रता से निराकरण किया जाए।

- जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और अपराध नियंत्रण पर दिया विशेष जोर



एसएसपी साहू ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाएं जैसे मामलों में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही, धोखाधड़ी एवं आईटी एक्ट से जुड़े प्रकरणों में फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, अभियोजन अधिकारी कंचन पाटिल, लोक अभियोजक शिव गोपाल श्रीवास, विशेष लोक अभियोजक सतीश वर्मा सहित एसडीओपी बेमेतरा, बेरला, डीएसपी, थाना/चौकी प्रभारी व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान

ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों पर नियंत्रण के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने और /"सायबर प्रहरी/" , /"त्रिनयन एप/", /"सशक्त एप/" जैसे तकनीकी उपकरणों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया गया।

### महिला और बाल अपराध पर संवेदनशील रवैया


महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के त्वरित निराकरण हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, संपत्ति अपराधों के आदतन आरोपियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया।

### गौ-वंश तस्करी पर सख्त रुख

गौ-तस्करी की सूचना मिलने पर तत्काल टीम रवाना कर कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा गौ सेवकों के सहयोग से अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### पुलिसिंग को बनाएंगे और अधिक प्रभावशाली

एसएसपी ने विजिबल पुलिसिंग, रात्रि गश्त, वाहन चेकिंग, पेट्रोलिंग और कम्बिंग गश्त को प्रभावशाली बनाने पर भी बल दिया। साथ ही, आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



# गोकुल नगर में खटाल होगी स्थानांतरित, जवाहर मार्केट का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


शहर के 168 खटालों को गोकुल नगर में स्थानांतरित किए जाएंगे। जोन तीन अंतर्गत वार्ड 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण होंगे। जोन क्रमांक दो वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

मंगलवार को महापौर परिषद ने इसकी मंजूरी दी। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में एमआईसी की यह बैठक हुई।

## महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद ने दी विभिन्न कार्यों की स्वीकृति

### इन एजेंडों पर हुई चर्चा

बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्रं. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुसंशा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया।



### जोन तीन में ये कार्य मंजूर

जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यों हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया।

### जवाहर मार्केट में इन कार्यों को मंजूरी

जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसरंचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर अनाचार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376(2)(एन) भादवि. 69 बीएनएस. )के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ग्राम गिधवा जिला बेमेतरा निवासी जयेश पटेल ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर 2021 से 2024 तक सेक्टर 7 ग्राउंड के पास झाड़ी भिलाई में ले जाकर अनाचार किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने इंकर कर दिया। परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। भिलाई नगर पुलिस ने आरोपी जयेश पटेल को उसके गृह ग्राम गिधवा जिला बेमेतरा से पकड़कर लाई है।

### जमीन फर्जीवाडा मामले में महिला के खिलाफ जूर्म दर्ज

**भिलाई।** जमीन फर्जीवाडा मामले में पुलिस ने सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की महिला डॉयरेक्टर के खिलाफ जूर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि 32/8 नेहरू नगर (वेस्ट) वार्ड 2 निवासी विशाल केजरीवाल डायरेक्टर विशाल रिरोलर्स प्रायवेट लिमिटेड है। ए 5 सूर्य विहार कालोनी, जुनवानी निवासी संगीता केतन शाह पुलगांव के प.ह.नं.- 24 रा.नि.म. दुर्ग, खसरा नं. 145/2, की जमीन को एक करोड रूपये में बयनामा निष्पादित करने के नाम पर ठगी किया। संगीता शाह डायरेक्टर मेसर्स सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड है। संगीता ने पीड़ित से उक्त जमीन को लेकर सौदा इकरारनामा 2022 को किया। दोनों के मध्य 1करोड़ रुपए में डील हुई। पहले पीड़ित ने 50 लाख फिर 50 लाख आर.टी.जी.एस. के माध्यम से संगीता के खाते में किया गया। भूमि का पंजीयन सीमांकन के बाद इकरारनामें में इकरारशुदा जमीन के पश्चिम में रोड रास्ता होना बताया गया है। लेकिन इकरारशुदा जमीन के पश्चिम में रोड रास्ता होना नही पाया गया। 6 जनवरी 2025 को पीड़ित के द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कर संगीता से इकरारशुदा जमीन के पश्चिम भाग पर रोड रास्ता की व्यवस्था करने की मांग की थी। लेकिन संगीता ने कार्यालय, घर आने से पीड़ित से मना कर दी। परेशान पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से किया था।

### किसानों के साथ ठगी

**भिलाई।** फर्जी बीमा ऋण देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 511 के तहत कार्रवाई की है। उतई पुलिस ने बताया कि प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पद पर पाटन में मुकेश कुमार पदस्थ है। ग्राम बांसापुट, पंचायत बांसापुट तहसील बांकी जिला कटक उडीसा निवासी सीएससी संचालक तुषार कांता सेठी सीएससी है। ग्राम पतौरा के 43 किसान और ग्राम मुडपार के कुल 67 किसानो से राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल फर्जी ऋण के नाम पर ठगी किया। तुषार पीएमएफ वीवाई योजना से फर्जी किसानों को कृषि ऋण दिया। ग्राम पतोरा एवं ग्राम मुडपार तहसील पाटन में संयुक्त संचालक कृषि संभाग दुर्ग द्वारा शिकायत मिलने पर आरोपी तुषार के खिलाफ जांच की गई। सीएससी संचालक तुषार कांता सेठी किसानो का फर्जी बीमा करना पाया गया। जिन किसानों के नाम से बीमा कराया गया था। उनके ग्राम पंचायत में नही पाये गए थे।

## बीएसपी के अत्याधुनिक ब्लास्ट फर्नेस-8 की 8 वर्षों की कीर्तिमानी यात्रा

# सेल का उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा महामाया फर्नेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सबसे बड़ी धमन भट्ठी ब्लास्ट फर्नेस - 8 ,महामाया न सिर्फ बीएसपी बल्कि सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के प्रमुख फर्नेसों में शुमार है। यह अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस होने के कारण संयंत्र के साथ सेल के इस्पात उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महामाया ने वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसपी में कुल 28 लाख 9611 टन हांट मेटल उत्पादन में 28 लाख 9611 टन हाट मेटल उत्पादन किया। 20-24 के पिछले 26 लाख 82321टन के कीर्तिमान को ध्वस्त किया। मार्च 25 में 2 लाख 66214 टन का मासिक रिकार्ड भी दर्ज किया। साथ ही उत्पादाकता दर 1.93 टन प्रति दिन घन मीटर हासिल की। यह नया रिकार्ड है। यह फर्नेस बीएसपी के 7 मिलिटन टन उत्पादन क्षमता में अहम भूमिका निभा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009-10 में बीएसपी के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण परियोजना के तहत कई योजनाएं उत्पादन के चक्र में शामिल की गई। इसमें देश की विशाल और आधुनिकतम ब्लास्ट फर्नेस-8 "महामाया" की स्थापना की गई थी। एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत 1, 500 करोड़ की लागत से सबसे पहले फर्नेस-8 की स्थापना के कार्य को पूर्ण किया गया । दो फरवरी 2018 को इस फर्नेस को प्रज्जवलित किया गया। ब्लास्ट फर्नेस-8 देश के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में से एक है। इतने विशाल फर्नेस में 8030 टन प्रतिदिन हॉट मेटल उत्पादन की मापित क्षमता है। बीएसपी 2018 से अब तक इस फर्नेस के माध्यम से 17 मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन कर चुका है। ब्लास्ट फर्नेस-8 "महामाया" के अनुपात में इस्को, बर्नपुर में सबसे विशाल ब्लास्ट फर्नेस है। राऊरकेला इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस उत्पादन मात्रा के अनुसार सेल की दूसरी सबसे बड़ी फर्नेस है। बीएसपी की महामाया इस क्रम में तीसरे स्थान पर है।

### खास बातें

- रिकार्ड हॉटमेटल उत्पादन के साथ रासायनिक गैसों का भी ईंधन के रुप में भी इस्तेमाल
- 8030 टन प्रतिदिन हॉट मेटल है उत्पादन क्षमता

### 8030 टन प्रतिदिन है उत्पादन क्षमता



### शुरु से ही बढ़ा उत्पादन ग्राफ

उन्नत स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों के साथ अत्याधुनिक फर्नेस से दैनिक उत्पादन का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। 2 फरवरी, 2018 को इसके ब्लोइंग-इन के 258 दिनों बाद 18 अक्टूबर, 2018 को बीएफ-8 से 1 मिलियन टन संचयी उत्पादन के आँकडे को पार कर लिया गया। इसी प्रकार 1 अप्रेल, 2019 को बिना आक्सीजन संवर्धन के सहयोग से ब्लोइंग-इन के 424 दिनों बाद 2 मिलियन टन के मील के पत्थर को प्राप्त कर लिया गया। 9 सितम्बर, 2019 को 585 दिनों में 3 मिलियन टन संचयी उत्पादन करने में सफल हुआ। ब्लोइंग-इन के 740 दिनों में 4 मिलियन टन के नये संचयी कीर्तिमान को हासिल किया । 889 दिनों में 5 मिलियन टन के नये संचयी रिकॉर्ड को प्राप्त करने में सफल हुए।

### महामाया बीएफ में हैं कई टेक्निकल विशेषताएं

ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ )-8 में सर्वाधिक हांट मेटल उत्पादन करने के साथ कई तकनीकी विशेषताएं हैं। कास्ट हाउस और स्टांक हाउस डिडस्टिंग सिस्टम, टांप रिकवरी, टर्बाइन ( टीआरटी) पल्वराइज्ड कोल इंजेक्शन (पीसीआई), कार्बन ब्लाक के माध्यम से माडर्न हीट ट्रांसमिशन सिस्टम, सिरेमक कप, एसजीआई व क्यू-स्टोव और अत्याधुनिक तकनीक से एनर्जी एफिशिएंट तथा प्रदूषण नियंत्रण उपकरण,जिसमें वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम शामिल है। हांट मेटल प्रक्रिया में निकलने वाली रासायनिक गैसों को ईंधन के रुप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्बन मोनो आक्साइड फर्नेस गैस आदि से बाय प्रोडक्ट भी बनाया जा रहा है। साथ ही काइनेटिक एनर्जी गैस संरक्षित किया जा रहा है।

## 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले को लेकर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत उरला में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी निर्मम हत्या को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक सुपेला में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सुपेला चौक पर सरकार का पुतला जलाया। इस दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे को जाम करने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने इस घटना को घिनौनी करार देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की। उनका कहना है कि जिले में अपराधियों को पुलिस प्रशासन का कोई डर नहीं है, जिससे वे इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विभोर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उनका कहना है कि एक समय था जब भिलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र और मैत्री गार्डन के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज यह क्षेत्र अपराध का गढ़ बन गया है। दुष्कर्म, लूट और हत्या जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन को पूरी तरह से विफल बताया।

- घड़ी चौक पर प्रदर्शन के बाद फूंका पुतला



## वार्ड-33 में सुशासन तिहार, निरीक्षण करने पहुंचे जोन आयुक्त




**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के वार्ड 33 में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। नगर पालिका निगम द्वारा आयोजन इस कार्यक्रम का निरीक्षण करने जो 3 के आयुक्त एवं वार्ड पार्षद एन शैलजा पहुंचे। वार्ड पार्षद ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसकी शुरुआत की है। इसमें सभी प्रकार के मांग एवं शिकायत का नियत समय में निराकरण किया जाना है। वार्ड पार्षद शैलजा ने कहा कि आप सभी वार्ड वासी अधिक से अधिक संख्या में आकर सुशासन तिहार का लाभ लें।

## बीएसपी ने मानी ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की मांग यूनियन सदस्यों ने जताया अध्यक्ष का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारिओं एवं सदस्यों ने अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, सुधीर सिंह का भव्य स्वागत किया। उनके प्रति आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने कहा कि इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व, दूरदृष्टि और निरंतर प्रयासों के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी है। संयंत्र प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा उठाया जा रहा था, उस पर अब सकारात्मक निर्णय ले लिया गया है। बीएसपी मैनेजमेंट ने एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से ट्रांसपोर्टरों को काफी सहूलियत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग तय करना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि इंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थी। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा। एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। बैठकें भी हुई, जिनमें परिवहन व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अंततः बीएसपी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बातों को समझते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न केवल ट्रांसपोर्टरों के हित में है, बल्कि इससे संयंत्र क्षेत्र में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## सुशासन तिहार में 83 लोग पहुंचे समाधान पेटी तक

**रिसाली।** नपानि रिसाली में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार में तेज गर्मी के बावजूद 83 लोग शिविर स्थल पहुंचे। समस्या मूलक आवेदन को समाधान पेटी में डाला। आवेदन में किसी ने आवास मांगा तो किसी ने घर से पानी निकासी का रास्ता मांगते आवेदन प्रस्तुत किए है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन तिहार में आम नागरिक रूचि दिखा रहे है। वे अपने समस्या मूलक आवेदन लेकर निगम द्वारा रखे गए समाधान पेटी तक पहुंच रहे है। वे अपनी समस्या मूलक और मांग भरे आवेदन का निराकरण कराने आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। पहले दिन 83 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें से 75 मांग वाले आवेदन शामिल है वही 8 आवेदन शिकायती अंदाज में प्रस्तुत किए है। नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त व कार्यापालन अभियंता सुनिल दुबे ने बताया कि सार्वधिक आवेदन पुरैना बस्ती में मिले है। आज से ही प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। 75 मांग पत्र है। वहीं 8 शिकायत दूर करने का अनुरोध नागरिकों ने निगम प्रशासन से की है। उन्होंने न बताया कि शिकायत पत्रों के आधार पर कार्यवाही शीघ्र की जाऐगी।

- पहले दिन आवास से लेकर पानी निकासी का मांगा रास्ता

| समाधान पेटी स्थल | मांग | शिकायत | कुल |
|---|---|---|---|
| डुण्डेरा मंगल भवन | 16 | 01 | 17 |
| सामुदायिक भवन पुरैना | 20 | 04 | 24 |
| मुख्य कार्यालय रिसाली | 21 | 01 | 22 |
| टंकी कार्यालय रिसाली | 18 | 02 | 20 |

## उप नेता प्रतिपक्ष की राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात कर उन्हें बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा भेंट की। साथ ही भिलाई क्षेत्र के विभिन्न विषय पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान दया सिंह ने भिलाई सहित जिले में राजनीतिक और प्रशासनिक घटनाक्रम से भी अवगत कराया।

## गांव से बस्ती चलो अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 14 अप्रैल तक डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूआबांधा बस्ती में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के द्वारा गांव से बस्ती चलो जनचौपाल अभियान का शुभारंभ किया और गांव, बस्ती का भ्रम किया और लोगों की समस्याएं सुनी और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 7 से 12 अप्रैल के बीच 'गांव से बस्ती चलो' अभियान में भाग लेंगे। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता प्रत्येक दिन आठ घंटे तक गांवों और बस्तियों में जाकर भाजपा के इतिहास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी देंगे। 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम होगा। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम सब मिलकर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज में जागरूकता फैलाने, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों को बढ़ावा देने के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महामंत्री दशरथ साहू, राकेश त्रिपाठी, पार्षद सारिका साहू, टीकम सिंह साहू, शिला नारखड़े, सविता धवज, सचिन गोस्वामी, अजीत परिहार, अजीत चौधरी, कंचन सिंह, पुनीत यादव, प्रेमचंद साहू, अंजू यादव, अरविन्द नारखड़े, वेदप्रकाश, बसंती साहू, पुष्पलता देशमुख, मोहन बड़े, वीरेंद्र, विजयेन कुमार, गोपाल खैरबार, जग्गू राम यादव एवं रिसाली मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं की दी जानकारी

## आरसीएल और यूआरम ने किया आयोजन

# सेल-रेल साझेदारी पर मैत्री क्रिकेट मैच, आर 260 टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रिसर्च कंट्रोल लैब (आरसीएल), यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) के तत्वावधान में 'सेल-रेल मैत्री क्रिकेट हुआ। मैच बीएसपी में रेल निर्माण एवं गुणवत्ता निरीक्षण से जुड़े विभागों तथा रेलवे निरीक्षण एजेंसी राइट्स के अधिकारियों की मिश्रित टीमों के बीच खेला गया, जिसका उद्देश्य विभागों के मध्य आपसी समन्वय को प्रोत्साहित करना था।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रतीकात्मक बल्लेबाजी एवं गेंदबाज़ी कर मैच का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, प्रवीण निगम, सीजीएम तुषारकांत, टी दस्तीदार, राहुल श्रीवास्तव, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, विशाल गुप्ता, उप महाप्रबंधक एचएस नायक, प्रबंधक (राइट्स) रामकृष्णा तथा सहायक प्रबंधक सत्यनारायण शामिल थे। इस अवसर पर बीएसपी एवं राइट्स की महिला कार्मिकों और अधिकारियों की पत्नियों के लिए एक विशेष 'शो मैच' का आयोजन भी किया गया। महाप्रबंधक जेके वर्मा की कमेंटेटर थे। मुकाबले में 350 एचटी टीम के कप्तान शिव कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, जबकि आर 260 टीम के कप्तान नितिन राजपूत टीम के साथ गेंदबाज़ी एवं क्षेत्ररक्षण किया।350 एचटी टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर कुल 114 रन बनाए। जवाब में आर 260 टीम ने 6 विकेट खोकर 115 रन बनारप मैच जीत लिया।





### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अमित

बेस्ट बॉलर का पुरस्कार जीपी सोनी को, बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी अंकित को तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अमित गिरी को प्रदान किया गया। अंपायर विकास व आनंद, तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नगर सेवाएं विभाग, एल एवं डी, एससी एवं सीए, भिलाई क्लब एवं बेस किचन का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजन 12 को

**टेडेसरा।** हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर आगामी 12 अप्रैल को इन्दावानी में प्रातः 9 बजे बाइक रैली का आयोजन किया गया है। दोपहर 12 बजे से पूजा अर्चना हवन के बाद शाम 5 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर लोक महोत्सव के आयोजन क्रम में मां भानेश्वरी मानस परिवार सिंघोला, लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसा, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली खुर्सीपार तथा जय मां शेरावाली बालिका जस परिवार इन्दावानी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पिताम्बर साहू ने दी।

### नशाखोरी को बढ़ावा दे रही सरकार : पाटिला



**डोंगरगढ़।** पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस शासन काल में शराबबंदी को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाली भाजपा शराब दुकान की संख्या को बढ़ाकर लोगों को नशाखोर बनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि धर्म नगरी से 5 किमी दूर अवैध शराब का जखीरा मिला है। इस मामले से जुड़े कोचिया और छोटे तबके के लोगों को आरोपी बना कर सरकार अपनी नाकामी पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है जबकि इस मामले में कई दिग्गजों और प्रभावशाली लोगों का नाम सामने आ रहा है जिन पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में अवैध शराब का व्यापार बेरोकटोक चल रहा है। वर्तमान में जो आरोपी पकड़े गए हैं उनमे से एक शहर में खुले आम शराब बेचता है। वहीं एक अन्य थाना से से महज 100 से 200 मीटर की दूरी पर शराब बेचता है। श्री पाटिला ने इस मामले में प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल उठाया है।

### सीनियर छात्रों को विदाई

**डोंगरगढ़।** डॉ अंबेडकर आदिवासी आवासीय विद्यालय बछेराभाठा में गत दिनों विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य एसजी मेश्राम एवं अधीक्षिका तरुण मणि ठाकुर, शिक्षिका गीतेश्री यादव, कृष्णा साहू, मेरी रोशन, साकेत रजक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रारंभ में कक्षा सातवीं के छात्रों ने कक्षा आठवीं के छात्रों का सम्मान करते हुए पेन और श्रीफल भेंट किया। आठवीं के छात्रों ने विद्यालय को स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किया। आठवीं के छात्रों ने विद्यालय में बिताए तीन वर्षों की यादें साझा किया। छात्रों ने कहा कि उन्हें शिक्षकों ने जो सिखाया है उसका भविष्य में पालन करेंगे। तत्पश्चात प्रधानाचार्य श्री मेश्राम ने कहा कि अभी आप विद्यार्थी हैं। पढ़ लिखकर कोई कहीं और कोई कहीं और होगा, लेकिन आप लोग हमारे लिए हमेशा विद्यार्थी ही रहेंगे। अंत में शाला परिवार ने स्मृति के रूप में फोटो सेशन कराया।



### वर्षा लिल्हारे बनी डॉक्टर



**डोंगरगढ़।** केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा रही वर्षा लिल्हारे कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रयासों से डॉक्टर बनने में कामयाब हुई। वर्षा की सफलता को समाज के लिए गर्व का विषय बताते हुए लोधी प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने उन्हे बधाई दी है।

### नवोदय विद्यालय के लिए भावेश चयनित



**अर्जुनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब के होनहार छात्र भावेश साहू पिता मानस साहू का चयन हुआ है। वह अपने माता-पिता, प्रधानपाठक कमला सिन्हा एवं शिक्षक प्रदीप वर्मा के सतत मार्ग दर्शन में सफल हुआ है। भावेश को शाला समिति के अध्यक्ष भोलाराम पटेल, सरपंच इंद्राणी, उप सरपंच रूखमणी निषाद, मामेश साहू, शिक्षक एनडी देशलहरे, अजय साहू, दुष्यंत साहू, सोमेश्वर साहू ने बधाई दी है।

### छात्रों का एनडीएलआई क्लब में पंजीयन

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई के कंप्यूटर साइंस विभाग ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एनडीएलआई क्लब में पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को डिजिटल अध्ययन संसाधनों से परिचित कराने के लिए किया गया था। मुख्य वक्ता कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष दीपांशु यादव ने एनडीएलआई की सेवाओं और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। लाइब्रेरियन हेमंत मिश्रा ने कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक टीएल वर्मा, गौरव जैन और शुभम दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों ने एनडीएलआई क्लब में अपना पंजीकरण कराया।



### योजना की पुस्तक वितरित

**छुईखदान।** आदिम जाति तथा अनु जाति विकास, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निर्देशानुसार अल्पसंख्यकों के विकास के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की पुस्तक एवं लघु पुस्तिका का नगर में निःशुल्क वितरण किया गया। अल्पसंख्यक समुदाय के विकास हेतु संचालित योजनाओं की पुस्तक वितरण के समय जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, छुईखदान मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शेख निजामुद्दीन, खजांची शेख इब्राहिम, हाजी मोहम्मद, सरवर, हाजी आमिर खान, आशु खान, मो अख्तर सोलंकी, रेहान खान बाबा, मो आजम खान, मो अर्श, हितेशसिंह, सुरेश चंदेल सहित अन्य उपस्थित थे।



### कर्मा जयंती समारोह आज

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में कल 10 अप्रैल को ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत भव्य शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया जाएगा। शाम को 4 बजे अतिथियों के उद्बोधन बाद नवनिर्वाचित सामाजिक पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर सामाजिक बच्चियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। अंत में शाम 7 बजे भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है।

## आयोजनों में जैन समुदाय सहित अन्य ने लिया हिस्सा, सामूहिक जाप से माहौल हुआ भक्तिमय

# विश्व कल्याण के लिए नवकार मंत्र का जाप





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जीतो के आह्वान पर बुधवार को श्रद्धा के साथ विश्व नवकार दिवस मनाया गया।। विश्व कल्याण और शांति की भावना के साथ एक घंटे 35 मिनट तक लोगों ने अनवरत नवकार मंत्र का जाप किया। विश्व व्यापी इस आयोजन मे जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में जैन समुदाय के श्रावक श्रविकाएं शामिल हुए।

विश्व नवकार दिवस के मौके पर जीतो के आह्वान पर इस कार्यक्रम का आयोजन ओसवाल भवन परिसर में रखा गया था। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के महत्वपूर्ण नवकार मंत्र को अनादि और अक्षय स्वरूपी माना जाता है। यह एक ऐसा मंत्र हैं जिसका कोई रचयिता नहीं है। इस मंत्र में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु को नमस्कार किया जाता है। श्री वर्धमान स्थानक भवन मे सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार मंत्र का जाप किया गया। इस आयोजन में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सतीश लल्ली, भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन, प्रबोध जैन, किशोर बोहरा, जिनेन्द्र जैन, परसमल लोढ़ा, हेमंत चोपड़ा, हरीश गांधी, मनीष बोहरा, वैभव महेश्वरी, दिनेश गुप्ता, उत्तमचंद नाहटा, इंदरचंद लोढ़ा, धरमचंद बोथरा, मनीष सोनी, रमन नाहटा, संदीप लोढ़ा, रानूलाल कोचर, शीतल लोढ़ा, योगेश गोलछा, अरुणा नाहटा, पिंकी लोढ़ा, श्रद्धा बोहरा, मधु लोढ़ा, अशोक बोहरा, अक्षय जैन, संदीप जैन, प्रमोद जैन, श्वेता जैन, पुष्पा कोचर, सुनीता नखत, श्वेता जैन, नीलम, अरुण जैन, अखिलेश नखत, स्वतंत्र जैन, ओमप्रकाश, रामकुमार, अंजू त्रिपाठी, राशि, राजश्री, विमल जैन, राजकुमार जैन, गौरव नखत, प्रबोध जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### महावीर जन्म कल्याणक आज

आयोजन की कड़ी में कल 10 अप्रैल को श्री सकल जैन समाज और श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति के तत्वावधान में भक्ति के साथ जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह छः बजे श्री ओसवाल स्थानक भवन से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा। शाम को 7.30 बजे से जैन भवन मे सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

## नवकार दिवस पर महिलाओं ने किया सेवा का कार्य

**डोंगरगढ़।** विश्व णमोकार दिवसबके मौके पर भारत सहित 130 देशों में प्रातः 8.01बजे से 9.36 बजे तक णमोकार मंत्र का जाप किया गया। इसी तारतम्य में श्री सकल जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन मंदिर में णमोकार मंत्र का जाप हुआ। आयोजन में सम्पूर्ण समाज ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव यतीश कुमार जैन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंत में मेवा मिष्ठान वितरित किया गया। विश्व नवकार दिवस के मौके पर जागृति महिला मंडल की महिलाओं ने सेवा कार्य करते हुए शासकीय हास्पिटल, अंबेडकर आवासीय विद्यालय और वृद्धाश्रम में जाकर फल वितरित किया। महिलाओं ने हास्पिटल में भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम पूछते हुए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। इस मौके पर साक्षी जैन, अरूणा जैन, विनीता जैन, पलक जैन, अनिता जैन, खुशबू जैन, शालिनी जैन, अमित जैन, निखिल जैन आदि मौजूद थे।



# सुशासन तिहार में उमड़े फरियादी, पहले दो दिन में 461 आवेदन जमा

### सरकार के निर्देश पर शहर में शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राज्य शासन के महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में पहले दो दिनों में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर पंचायत ने गांधी चौक पंडरिया, कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा और नगर पंचायत कार्यालय में शिविर का आयोजन किया था जिसमें दूसरे दिन कुल 381 आवेदन प्राप्त हुए।

गांधी चौक पंडरिया में आयोजित शिविर में वार्ड 1 से 7 तक के नागरिकों ने मांगों और शिकायतों को लेकर आवेदन जमा किया। इसी प्रकार कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा में वार्ड 8 से 15 तक के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। आवेदकों ने मांगों और शिकायतों का आवेदन समाधान पेटी में डाला और शिविर में दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार गांधी चौक पंडरिया में आयोजित शिविर में 198 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा में 88, नगर पंचायत गंडई में 65 आवेदन प्राप्त हुआ। पहले दो दिनों में कुल 461 आवेदन निकाय को प्राप्त हुए हैं। शिविर के पहले दिन कुल 80 आवेदन निकाय को प्राप्त हुए थे। समाधान शिविर का पहला चरण 11 अप्रैल तक चलेगा।

इस दौरान नागरिक अपनी मांग और शिकायत संबंधी आवेदन जमा कर सकते हैं। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर निराकरण किया जाएगा। शिविर में युगल ताम्रकर, जितेंद्र बंजारे, राजा पटौती, रमेश यादव, राजमणि शर्मा, चन्द्रमणि यादव मौजूद थे। निकाय के भुनेश पटेल और सरस्वती देवांगन द्वारा आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री किया जा रहा है।

### सुशासन तिहार को बेहतर प्रतिसाद



**सड़क अतरिया।** भाजपा सरकार के सुशासन तिहार को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर पंचायत भवन पहुंच रहे हैं तथा निर्धारित प्रारूप में समस्या लिखकर समाधान पेटी में डाल रहें हैं। ज्यादातर पंचायत में पेयजल, आवास, महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर आवेदन जमा हो रहे हैं। ग्रामीणों से आवेदन आगामी 11 अप्रैल तक लिया जाएगा। आवेदनों का समाधान माह भर के अंदर किया जाएगा। सुशासन तिहार का लाभ दिलाने के लिए पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के प्रतिनिधि ग्रामीणों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की योजना का लाभ पाना प्रत्येक पात्र ग्रामीण का अधिकार है। किसी कारणवश योजना के लाभ पाने से वंचित हो रहा है तो सुशासन तिहार के तहत आवेदन देकर लाभ प्राप्त कर सकता है।

### आवेदन लेने जुटा पालिका प्रशासन

**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार के निर्देश पर सुशासन त्योहार के तहत नगर पालिका परिसद द्वारा आगामी 11 अप्रैल तक 24 वार्ड में शिविर लगाकर समस्याओं के आवेदन लिया जाएगा। शिविर में शामिल होकर लोग मांग, समस्या आदि को लेकर आवेदन दे रहे है। शिविर में प्रभारी सहित पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभापति डी एकेश राव, अनिता इंदुलकर, हरिश भंडारी, विक्की भाटिया, बापी घोष आदि उपस्थित थे।



# वनांचल में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी बढ़ने के साथ वनांचल में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गंभीर होने लगी है। तालाब सूख गए हैं। हैंड पम्प दम तोड़ चुके है। ज्यादातर गांव के ग्रामीण नल जल योजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं परन्तु विभाग की अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी के चलते कहीं टंकी का निर्माण तो कही पाईप लाईन का कार्य अधूरा है। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के नाम आवेदन सौंप कर जल की व्यवस्था कराने की मांग किया है।

वर्मा ने बताया कि ग्राम भदेरा, बेलगांव, सिंगारपुर, चुचरूंगपुर, मगरकुंड़, मोहगांव सहित अन्य गांव में पेयजल समस्या गंभीर हो गई है। नदी, नाला, तालाब सूख जाने से ग्रामीण एवं मवेशियों के लिए पानी नहीं है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नल जल योजना का काम जारी है परन्तु कहीं टंकी का निर्माण तो कही पाईप लाईन विस्तार कार्य अधूरा है। विभाग के अधिकारी जानकारी देने पर कार्य पूरा कराने के बजाए टाल मटोल कर रहे हैं। ठेकेदार कछुआ गति से काम कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। आवेदन देने के दौरान जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच अमरलाल मेरावी, नरसिंग साहू, मधुराम सिन्हा, नाथुराम मिर्चे, रोहित यादव, कैलाशसिंह चन्द्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे। जिला पंचायत सदस्य श्री वर्मा ने बताया कि वनांचल के आधा दर्जन से अधिक गांव में जल समस्या गंभीर हो गई है। नल जल योजना का क्रियान्वयन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

### पानी के लिए कतार

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो तीन बोर हैं जिससे अब तक पानी निकल रहा है। शेष साधनों का भूजल गिर गया है। पेयजल के लिए सुबह शाम लंबी कतार लगी रहती है। लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। पानी की कमी के चलते बाड़ी में लगी फसल चौपट हो रही है। मवेशियों को भी पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है।



# ढाबा के ग्रामीणों ने रखी अपनी मांगें और समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गांव चलो घर चलो अभियान के तहत ग्राम ढाबा के बूथ क्रमांक 51 में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, शक्ति केंद्र प्रभारी राकेश ताम्रकार ग्रामीणो के बीच पहुँचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर जिला पंचायत चुनाव में मिली जीत के लिए भार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने समस्याएं, मांग और शिकायतें रखीं। ग्राम ढाबा में हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, हाई स्कूल की अधूरी बाउंड्री वॉल को पूरा कराने की मांग मिली। श्री ताम्रकार ने इन मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसमुदाय को सुशासन तिहार और राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच हेमंत वर्मा, हाई स्कूल के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, उप सरपंच पुखराज धुर्वे, बूथ अध्यक्ष नीलम वर्मा, मिडिल स्कूल अध्यक्ष मुकेश वर्मा, लेखन वर्मा, सुखदेव यादव, जागेश्वर वर्मा, दानीदास मणिकपुरी, दयाराम, टिकेंद्र धुर्वे, पूरन वर्मा, दिलेश्वर वर्मा, कचरू मंडावी, पुरुषोत्तम वर्मा, अर्जुन यादव, सीतलाल पटेल, श्रीराम यादव, फागुन खुसरो, जगतराम साहू, सूरज वर्मा, दुर्जन वर्मा, रामसाय साहू, गिरजानंद वर्मा, दौलत साहू, रामसिंह वर्मा, शिवकुमार वर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निजी स्कूल फीस में वृद्धि कर ...

पर जोर देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे बंजारे ने बताया कि पिछले वर्ष बेमेतरा जिला अपार आईडी रजिस्ट्रेशन में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर था, लेकिन इस बार यह द्वितीय स्थान पर खिसक गया है। उन्होंने सभी संचालकों से सहयोग की अपील की ताकि जिला पुनः शीर्ष स्थान हासिल कर सके। इसके अलावा, जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को भी तेज करने का आह्वान किया गया, जिसका पिछले साल 97 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ था। उन्होंने स्कूल बसों की सुरक्षा पर भी ध्यान देने और ड्राइवरों पर नियंत्रण रखने की सलाह दी ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों ...

अधिकारी एसपी कोसले ने आरटीई नियमों का कड़ाई से पालन करने और फीस वृद्धि की

पेज 11 के शेष

जानकारी समय पर जमा करने की बात कही।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ...

मौजूद रहे। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने सभी को सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह बैठक निजी स्कूलों के संचालन और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### जिले के 3 राजनीतिक ...

अलावा, आरोपियों ने चैनल गेट के सामने बैठकर उग्र नारेबाजी की और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जिसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 42/20 पंजीबद्ध किया गया। न्यायालय द्वारा 17 दिसंबर 2024 को प्रकरण वापस लिया गया।

### आवेदनों का निराकरण ...

नगरीय निकायों में भी समाधान शिविर आयोजित किए जाएँगे । इस तरह जिले में 53 समाधान शिविर आयोजित किए जाएँगे ।कलेक्टर ने निर्वाचित सरपंचों को सुविधानुसार जिला मुख्यालय और साजा में प्रशिक्षण देने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए, ताकि नव निर्वाचित सरपंच अपने दायित्व,कर्तव्य व कार्य को जाने और समझे। उन्होंने बताया कि विकासखंडों में एसडीएम नोडल अधिकारी और जिला मुख्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नोडल अधिकारी है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम पिंकी मनहर विभिन्न विभागों के जिला व ब्लॉक अधिकारी सरपंच उचित मूल्य दुकानदार आदि उपस्थित थे ।




## खबर संक्षेप

### समस्याओं के समाधान के लिये सुशासन त्यौहार का लाभ लें



**बेमेतरा**। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने लोगों से सुशासन तिहार में अपनी समस्याएं, मांगों एवं शिकायतों से सरकार को अवगत कराने की अपील की है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा कि मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार 8 अप्रैल से प्रदेश में समस्याओं के समाधान के लिए शहर लेकर ग्राम पंचायत पर चलाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न व व्यक्तिगत समस्याएं जैसे पट्टा, बिजली, पानीं, रोड, नाली, सांस्कृतिक भवन, राशन कार्ड, पेंशन, पोल में लाईट, पुष्प वाटिका, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, मजदूर कार्ड एवं अन्य योजनाओं के लाभ के लिए जन समस्या से शासन को अवगत कराएं। श्रीमती तिवारी ने बताया कि महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाएं हैं, जिनका फॉर्म जमा नहीं हो पाया था या जिनकी नई बहू शादी होकर आई है, जो महतारी वंदन के लिए किन्हीं कारण वश छूट गए थे, ऐसी माताएं एवं बहनें भी फॉर्म भर सकते हैं।

### धूमधाम से मनाया जाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

**थानखमरिया**। नगर में हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा। सर्व हिंदू समाज बजरंग दल के तत्वावधान में 12 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियाँ ज़ोर-शोर से चल रही हैं।
नगर के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, थाना परिसर, विद्युत विभाग तथा अन्य वार्डों में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, भंडारा एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है। राधा कृष्ण जमात मंदिर के समीप स्थित हनुमान मंदिर में विशेष रूप से पूजा-अर्चना एवं भव्य आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:00 बजे माँ शीतला मंदिर प्रांगण, वार्ड क्रमांक 14, भाटापारा में हनुमान जी की विशेष पूजा, आरती, अभिषेक, श्रृंगार एवं सुंदरकांड पाठ से होगी। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रसादी भंडारा आयोजित किया जाएगा। संध्या 4:00 बजे माँ शीतला मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगी, जिसमें हनुमान जी की भव्य झांकी तथा राजिम की प्रसिद्ध माँ तारिणी धमाल पार्टी अपनी आकर्षक प्रस्तुति देगी। यात्रा समापन के पश्चात महारथी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### मूकबधिर युवती से अनाचार का प्रयास

**भिलाई**। मूकबधिर युवती से जबरन अनाचार का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्त में लिया है।मोहन नगर पुलिस ने बताया कि कातुलबोर्ड में मंगलवार को 19 वर्षीय मुक बधिर युवती के साथ जबरन तामेश्वर यादव अनाचार का प्रयास किया। युवती किसी तरह स्वयं को बचाते हुए भाग कर कमरे के बाहर निकली। खबर लगने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

---

## परेशानी

### शिवनाथ नदी से लगे ग्राम खम्हरिया एम एनीकट के पास इंटेकवेल से नहीं आ रहा पानी

# ग्राम सिंघौरी में गहराया जल संकट, पीने के लिए दूर से पानी लाने को मजबूर हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला





लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपसंभाग साजा क्षेत्र के विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघौरी में जल संकट गहरारा गया है। लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हो गए हैं। आलम यह है कि अप्रैल माह में ही गर्मी बढ़ जाने से गांव व शहरों के निस्तारी व वाटरलेवल कम हो गया है। इसके कारण गांव के नलकूप, हैण्डपम्प एवं मोटरपम्पों को कामकरने में परेशानी होने लगी है। वहीं, गांव की महिलाएं एक एक किलोमीटर दूर से खेतों में मोटरपम्प से पानी लाती नजर आ रही हैं। साथ ही बच्चे भी साइकिल से पानी ला रहे हैं। बता दें कि ग्राम सिंघौरी में मुश्किल से दो-तीन घर में मोटरपम्प चल रहे है जहां से पूरे गांव घण्टो तक इंतजार कर पानी भर कर जीवन व्यापम कर रहे है। कभी-कभी पानी भरने के दौरान महिलाओं में एक बाल्टी पानी के लिए लड़ाई हो रही है।

#### लाइट बंद होने पर घंटों इंतजार

लोग सुबह 5 बजे से ही पानी की व्यवस्था में जुट जाते हैं। घर के कार्य व मजदूरी काम को छोड़कर पानी के लिए घंटों तक लाइन लगने पड़ते है। वही अचानक कहीं लाइट बंद हो गए तो समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाते है। इतिहास के पहली बार देखने मिल रही है। आज तक पानी की इस जल संकट कभी नहीं हुआ था। बढ़ते गर्मी के कारण गांव के नलकूप, हैण्डपम्प कावन मोटर पम्प के पानी सूख गए है। जिनका खामयाजा ग्रामीणों को झेलना पड़ रहे है।

#### सिंघौरी में जल शोधन संयंत्र बंद

जल शोधन संयंत्र क्षमता 5 एमएलडी समूह जलप्रदाय योजना साजा के ग्राम सिंघौरी में बने हुए हैं। शिवनाथ नदी से लगे ग्राम खम्हरिया एम एनीकट के पास इंटेकवेल बना हुआ है। वही शिवनाथ नदी के पानी सूख जाने से इंटेकवेल से पानी नहीं आ रहे है। जिनके कारण स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ गई है। सिंघौरी में बना प्लांट जल शोधन संयंत्र से लगभग 42 गांव को पानी देते हैं। वहीं, अभी बंद होने के कारण जल संकट और भी ज्यादा खराब हो गए है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को सिंघौरी में बेमेतरा विधानसभा विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। इस बीच ग्रामीणों ने जल संकट को लेकर विधायक को बताया गया। जिस पर विधायक दीपेश साहू ने गांव को दो टैंकर देने की आश्वासन दिया गया है।

#### शिकायतों का नहीं हो पा रहा समाधान

जिले में पेयजल संकट से निपटने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बेमेतरा 04 अप्रैल 2025 को गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष पहल की गई है। विभाग ने जिला, विकासखंड और जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की निगरानी करेंगे और किसी भी तरह की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिले के किसी भी गांव या क्षेत्र में यदि पेयजल संकट उत्पन्न होता है, हैंडपंप खराब हो जाते हैं या जल आपूर्ति बाधित होती है, तो आम नागरिक संबंधित नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, टोल-फ्री नंबर 1800-233-0008 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस व्यवस्था के तहत जिले में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) भी स्थापित किया गया है, जहां प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इसके बावजूद आज दो-तीन महीने बीत गए। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुए। इससे जिला प्रशासन पर सवाल उठ रहे है।

---

## कन्या विद्यालय सेजेस की गाइड कर रही हैं प्याऊ घर संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ डीईओ ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम (कन्या) विद्यालय सेजेस बेमेतरा की छात्राओं द्वारा शासन के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय के प्रवेश द्वार में गाइड की छात्राओं द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए प्याऊ घर संचालित कर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्याऊ घर का उद्घाटन आज जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के कर कमलों से हुआ। गाइड की छात्राओं ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले एवं एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू को ठंडा जल पिला कर महती और पुनीत सेवा का शुभारंभ किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने इस पुनीत कार्य के लिए विद्यालय की प्राचार्य, गाइड प्रभारी, गाइड छात्राओं के प्रयास की तारीफ करते हुए सभी को साधुवाद दिया।

इस कार्य में विद्यालय की प्राचार्य कविता वाजपेयी के निर्देशन में गाइड प्रभारी आराधना जोसेफ, व्याख्याता प्रमोद ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा। प्याऊ घर का निर्माण एवं सामग्री उपलब्ध कराने में सेवा कार्य में उत्कृष्ट संस्था सहयोग का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संस्था के स्टॉफ एवं गाइड की छात्राएं उपस्थित थी।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लेने 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा**। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले में पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत अब जिले के वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी पवित्र तीर्थ स्थलों की निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा।

इच्छुक पात्र तीर्थ यात्री अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत या नगर पंचायत कार्यालय में जाकर आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे सीधे उप संचालक, समाज कल्याण विभाग बेमेतरा कार्यालय में भी आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 शाम 5 बजे तक निर्धारित है।

समाज कल्याण विभाग उप संचालक बरखा कासु ने बताया कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह यात्रा सामूहिक रूप से संचालित की जाएगी, जिससे सभी लाभार्थी एक साथ आस्था और श्रद्धा से परिपूर्ण यात्रा का आनंद ले सकें।

■ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विशेष ट्रेन द्वारा कराई जाएगी नि :शुल्क तीर्थ यात्रा

बेमेतरा जिले से कुल 146 तीर्थ यात्रियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। चयनित यात्रियों में चारों जनपद पंचायतों से 25-25 तीर्थ यात्री, नगर पालिका बेमेतरा से 20 यात्री, तथा नगर पंचायत नवागढ़, साजा, बेरला, थानखम्हरिया, देवकर, परपोड़ी, मारो, भिंभौरी, कुसमी और दाढ़ी से 10-10 हितग्राही शामिल किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत 80 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे बीपीएल तथा 20 प्रतिशत गरीबी रेखा से ऊपर एपीएल श्रेणी के तीर्थ यात्री पात्र होंगे। चयनित यात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। साथ ही, 65 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, यदि चाहें तो अपने साथ 21 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सहायक को भी ले जा सकते हैं।यात्रा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। इसके लिए आवेदन पत्र के साथ शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। इच्छुक पात्र तीर्थ यात्री अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत या नगर पंचायत कार्यालय में जाकर आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे सीधे उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, बेमेतरा कार्यालय में भी आवेदन जमा कर सकते हैं।

## पंचायत सचिवों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए गाया भजन



**बेरला**। जिला बेमेतरा की चारों जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सचिव अब तक अपनी एक सूत्री मांग शासकीयकरण को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। वहीं, जिले के बेरला सचिव संघ गौठान चौक बेरला में हड़ताल को 24वें दिन हो गए। वहीं, इस हड़ताल पंडाल में सचिवों द्वारा सरकार को जगाने, सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए रामायण गान, पाठ, भजन कीर्तन एवं सत्संग किया गया। इस हड़ताल में सचिव संघ बेरला के अध्यक्ष केहर साहू, गजानंद वर्मा, रामजी देवांगन, जनक साहू, सनत पाटिल, बहल साहू, श्यामलाल साहू, रामानंद साहू, जगदीश यादव, नारी शक्ति में ममता साहू, चित्ररेखा साहू , सरिता यदु, सरिता वर्मा, कीर्ति लता साहू, त्रिवेणी साहू, विनीता शर्मा, सहित सभी सचिव उपस्थित रहे।

## मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी की पैरवी नहीं करेंगे वकील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रामनगर उरला की 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट में न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल भेज दिया है। जघन्य अपराध से आम लोग स्तब्ध है। अधिवक्ता संघ ने भी आज बैठक कर घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए अधिवक्ताओं से अपील की है कि आरोपी की कोई भी वकील पैरवी न करें। जिला अधिवक्ता संघ की बैठक अध्यक्ष नीता जैन की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे कार्यालय में हुई। बैठक में राम नवमीं के दिन कन्या भोज के लिए निकली 6 साल की मासूम बच्ची के साथ घृणित कार्य और हत्या किए जाने की घटना को अधिवक्ता संघ ने बेहद निंदनीय बताते हुए अधिवक्ताओं से अपील की कि दरिंदे आरोपी की कोई भी वकील पैरवी न करें। नीता जैन का कहना था कि ऐसे दरिंदे आरोपी को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए।

नेवई पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

## महिला की नौकरी लगाने का झांसा देकर 3 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला से बीएसपी में कम्प्युटर आपरेटर पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मैत्री कुज निवासी नीलम सिंह के पति का निधन 2018 में हुआ।

महिला प्राइवेट जॉब कर अपने बच्चे की पढ़ाई और घर का खर्चा उठाती है। जॉब से खर्च पूरा नहीं होने के कारण अच्छी जॉब की तलाश में महिला थी। इस दौरान उसके छोटे भाई के दोस्त ने बताया कि मैत्रीकुंज रिसाली निवासी उमेश कुमार बारले मंत्रालय रायपुर में काम करता है। पैसे लेकर लोगों की नौकरी लगाता है। महिला को नौकरी की जरुरत होने पर उमेश कुमार बारले से संपर्क किया। उमेश ने अच्छी जॉब दिलाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए महिला से लिया।

महिला को बीएसपी में अधिकारियों से सेटिंग का हवाला देकर कम्प्युटर आपरेटर में नौकरी लगवाने की जानकारी दी। रुपए देकर सालों होने के बाद महिला की नौकरी भी नहीं लग पाई और न ही उसके रुपए वापस किया। परेशान होकर महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से किया।

## माता कर्मा ने समाज को दिखाई प्रगति की राह : छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मठिया बाहर गांव में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर शामिल हुए ।

इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने कहा कि भक्त माता कर्मा जयंती पूरे प्रदेश एवं देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह साहू समाज के बहुत बड़ी गर्व की बात है, भक्त माता कर्मा को केवल साहू समाज के ही लोग नहीं मानते बल्कि अन्य समाज के लोग भी भक्त माता कर्मा को उतना ही सम्मान और श्रद्धा के साथ पूजते हैं। ऐसी विभूति किसी एक समाज की न होकर पूरे मानव जाति के लिए धरोहर के रूप में होते हैं। इन्होंने न केवल मानव समाज को सब मार्ग पर चलने का राह दिखाई है, बल्कि समाज को प्रगति राह दिखाई है। इस अवसर पर रवि परगनिहा अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला, शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, हीरा देवलाल वर्मा, विजय पारख, सूरज तिवारी, सच्चिदानंद मिश्रा, टिकेश वर्मा, कमल किशोर साहू, ओम प्रकाश साहू, मंजू साहू, तखत राम साहू, रवि शंकर साहू, मनोज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

---

धार्मिक ग्राम खैरझिटी कला में 7 दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर जारी

## संस्कार परिवर्तन से ही होगा संसार परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा धार्मिक ग्राम खैरझिटी कला के ग्रामवासियों के लिए सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर में बी. के. शशि बहन ने प्रथम दिवस सभी को स्वयं की पहचान, आत्मा का ज्ञान, मन में विचारों के 4 प्रकार, बुद्धि के कार्य, संस्कारों का प्रभाव तथा राजयोग अभ्यास से फायदे की जानकारी दी गई।

इस दौरान सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संस्कारों को श्रेष्ठ बनाने की विधियां बताई गई जिसको अपना कर हम अपने जीवन में सहज ही संस्कार परिवर्तन कर सकते हैं क्योंकि संस्कार परिवर्तन से ही संसार परिवर्तन होगा पर प्रकाश डाला गया। ब्रह्माकुमारिज की सेवाकेंद्र प्रभारी बी.के. शशि बहन ने विचार व्यक्त उन्होंने कहा कि आप सभी श्रेष्ठ आत्माएं हो, जिनको श्रेष्ठ कर्म करने के लिए परमात्मा ने इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर भेजा है। व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। संकल्प से सृष्टि रची जाती है जैसा सोच वैसा जीवन तो हम पॉजिटिव सोचकर अर्थात मन पर अटेंशन देकर अपने श्रेष्ठ संस्कार बना सकते हैं क्योंकि जो कुछ भी मेरे साथ अच्छा या बुरा हो रहा है इसका दोषी कोई और नहीं वह मैं स्वयं हूं तो स्वयं को खुश एवं संतुष्ट रख श्रेष्ठ कर्म करने की जिम्मेवारी हम स्वयं लें। कहा भी जाता है स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन आज यदि हर व्यक्ति अपने मन को सही दिशा प्रदान करें तो उसके बोल और कर्म निश्चित ही श्रेष्ठ होंगे इसलिए कहा जाता है जैसा बीज वैसा फल। इस अवसर पर लगभग 100 ग्रामवासियों सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच सहित सभी पंच सम्मिलित हुए, सभी ने मेडिटेशन कर बहुत-बहुत आत्मिक शांति एवं खुशी का अनुभव किया और आगे यह राजयोग शिविर प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से 8:00 बजे तक चलेगा जिसका लाभ सभी ग्रामवासी ले सकेंगे एवं अपने जीवन को एक श्रेष्ठ दिशा की ओर मोड़ सकेंगे।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई**। सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305,331(4) के तहत जूर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जोन 3 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी ए. सत्या राव का परिवार 21 जनवरी को मकान में ताला जड़कर अपने नाती ए.जानवी के जन्मदिन मनाने हाउसिंग बोर्ड गए थे।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com





By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई,
27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411